रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72

REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं• 5] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 29, 1983/माघ 9, 1904

No. 5] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 29, 1983/MAGHA 9, 1904

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(विधि कार्य विभाग)

सूचनाएं

नई दिल्ली, 7 जनवरी, 1983

का०आ०.621—नोटरीज नियम 1956 के नियम 6 के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह सूचना दी जाती है कि श्री त्रिलोकी शरण उपाध्याय, अधिवक्ता, 178, पश्चिम खंड, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली-6 ने उक्त प्राधिकारी को उक्त नियम के नियम 4 के अधीन एक आवेदन इस बात के लिए दिया है कि उसे नोएडा काम्प्लैक्स में व्यवसाय करने के लिए नोटरी के रूप में नियुक्त किया जाए।

2. उक्त व्यक्ति की नोटरी के रूप में नियुक्ति करने पर किसी भी प्रकार का आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर लिखित रूप में मेरे पास भेजा जाए।

[सं० 5(48)/82-न्याय]

MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS

(Department of Legal Affairs)

NOTICES

New Delhi, the 7th January, 1983

S.O. 621.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries Rules, 1956, that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said Rules, by Shri Triloki Sharan Upadhyaya, Advocate, 178, Western Wing, Tis Hazari, Delhi-6 for appointment as a Notary to practise in NOIDA Complex.

2. Any objection to the appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice.

[No. F. 5(48)/82-Judl.]

का०आ० 622.—नोटरीज नियम, 1956 के नियम 6 के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह सूचना दी जाती है कि श्री सदाशिव कोरागप्पा शेट्टी, अधिवक्ता, 8, प्रथम मंजिल, बसन्त स्ट्रीट, सान्ताक्रुज वेस्ट, बम्बई-400054 ने उक्त प्राधिकारी को उक्त नियम के नियम 4 के अधीन एक आवेदन इस बात के लिए दिया है कि उसे सान्ताक्रुज क्षेत्र में व्यवसाय करने के लिए नोटरी के रूप में नियुक्त किया जाए।

2. उक्त व्यक्ति की नोटरी के रूप में नियुक्ति पर किसी भी प्रकार का आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर लिखित रूप में मेरे पास भेजा जाए।

[सं० 5(83)/82-न्या०]

S.O. 622.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries Rules, 1956, that application has been made to the said Authority under rule 4 of the said Rules, by Shri Sadashiv Karagappa Shetty, Advocate, 8, 1st Floor, Santacruz Prakash Co-operative Housing Society Ltd., Besant Street, Santacruz West, Bombay-400054 for appointment as a Notary to practise in Santacruz area, Bombay.

2. Any objection to the appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice.

[No. F. 5(83)/82-Judl.]

का०आ०623 -नोटरीज नियम, 1956 के नियम 6 के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह सूचना दी जाती है कि श्री डी० एल० कक्कड़, अधिवक्ता, बी०-4/81 सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली ने उक्त प्राधिकारी को उक्त नियम के नियम 4 के अधीन एक आवेदन इस बात के लिए दिया है कि उसे सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली में व्यवसाय करने के लिए नोटरी के रूप में नियुक्त किया जाए।

2. उक्त व्यक्ति की नोटरी के रूप में नियुक्ति पर किसी भी प्रकार का आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर लिखित रूप में मेरे पास भेजा जाए।

[सं० 5(84)/82-न्या०]

के०सी०डी० गंगवानी, सक्षम प्राधिकारी

S.O. 623.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries Rules, 1956, that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said Rules, by Shri D. L. Kakar, Advocate, B-4/81-Safdarjung Enclave, New Delhi for appointment as a Notary to practise in Safdarjung Enclave, New Delhi.

2. Any objection to the appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice.

[No. F. 5(84)/82-Judl.]

K. C. D. GANGWANI, Competent Authority

(कम्पनी कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 7, जनवरी, 1983

का० आ० 624:--एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 (1969 का 54) की धारा 26 की उपधारा (3) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा मैसर्स ब्रुशवेयर लिमिटेड के कथित अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकरण (पंजीकरण प्रमाण-पत्र संख्या 371/70) के निरस्तीकरण को अधिसूचित करती है।

[संख्या 16/21/82एम० 3]

(Department of Company Affairs)

New Delhi, the 7th January, 1983

S.O. 624.—In pursuance of sub-section (3) of Section 26 of the Monopolies and Restrictive Trade Practices Act, 1969 (54 of 1969), the Central Government hereby notifies the cancellation of the registration of M/s. Brushware Limited under the said Act (Certificate of Registration No. 371/70).

[No. 16/21/82-M. III]

का० आ० 625 --एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 (1969 का 54) की धारा 26 की उपधारा (3) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा मैसर्स दि एलगिन मिल्स कम्पनी लिमिटेड के कथित अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकरण (पंजीकरण प्रमाण पत्र संख्या 341/70) के निरस्तीकरण को अधिसूचित करती है।

[संख्या 16/29/82-एम०-3]

चन्द्रकान्त खुशालदास, निदेशक

S.O. 625.—In pursuance of sub-section (3) of Section 26 of the Monopolies and Restrictive Trade Practices Act, 1969 (54 of 1969), the Central Government hereby notifies the cancellation of the registration of M/s. The Elgin Mills Company Ltd., under the said Act (Certificate of Registration No. 341/70).

[No. 16/29/82-M. III]

C. KHUSHALDAS, Director

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, 10 जनवरी, 1983

का० आ० 626.—विदेशी (प्रतिबंधित क्षेत्र) आदेश, 1963 के पैरा 3 के उपबंधों के अनुसरण में केंद्रीय सरकार (i) भारत से बाहर किसी भी भारतीय मिशन से संबद्ध प्रत्येक राजनयिक या कांसुली प्राधिकारी (ii) दिल्ली, बंबई और कलकत्ता स्थित विदेशी क्षेत्रीय रजिस्ट्रेशन अधिकारियों, (iii) मुख्य आप्रवास अधिकारी, मद्रास, (iv) पोर्ट ब्लेयर स्थित आप्रवास अधिकारी, (v) दिल्ली, बंबई, कलकत्ता और मद्रास के हवाई अड्डों पर स्थित आप्रवास चैकपोस्टों के आप्रवास अधिकारियों, और (vi) मद्रास बन्दरगाह के आप्रवास अधिकारी को विदेशियों के अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह के विनिर्दिष्ट स्थानों में प्रवेश करने या ठहरने के लिए, उक्त पैराग्राफ के अधीन परमिट जारी करने के लिए एतद्द्वारा प्राधिकृत करती है।

[सं० 15011/21/82-एफ० I]

पी० विजयराघवन, उप सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

New Delhi, the 10th January, 1983

S.O. 626.—In pursuance of the provisions of paragraph 3 of the Foreigners (Restricted Areas) Order, 1963, the Central Government hereby authorises (i) every diplomatic or consular authority attached to any Indian Mission outside India, (ii) Foreigners Regional Registration Officers at Delhi, Bombay and Calcutta, (iii) the Chief Immigration Officer, Madras, (iv) the Immigration Officer, Port Blair, (v) the Immigration Officers at the immigration checkposts at the airports at Delhi, Bombay, Calcutta and Madras, (vi) the Immigration Officer at Madras Harbour to issue permits under the said paragraph to foreigners for entering into, or remaining at specified places in the Andaman and Nicobar Islands.

[No. 15011/21/82-F.I.]

P VIJAYARAGHAVAN, Dy. Secy.

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 10 जनवरी, 1983

का० आ० 627.—केन्द्रीय सरकार, दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1973 का 2) की धारा 24 की उपधारा (8) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, श्री डी० के० सोरल, अधिवक्ता, जयपुर को विशेष न्यायाधीश, जयपुर के न्यायालय में ले० कर्नल खजानसिंह और अन्य के विरुद्ध नियमित मामला संख्या 43/63 और 62/64-जयपुर (एक चार्ज शीट) में राज्य की ओर से उपसजात होने और अभियोजन का संचालन करने के लिए, विशेष लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त करती है।

[संख्या 225/24/82-ए० वी० डी०-II]

एच० के० शर्मा, अवर सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

(Department of Personnel and Admn. Reforms)

New Delhi, the 10th January, 1983

S.O. 627.—In exercise of the powers conferred by Sub-section (8) of section 24 of the Code of Criminal Procedure, 1973 (2 of 1974), the Central Government hereby appoints Shri D. K. Soral, Advocate, Jaipur, as a Special Public Prosecutor to appear and conduct prosecution on behalf of the State in the Court of Special Judge, Jaipur, in RC Nos. 42/63 and 62/64-Jaipur (one charge-sheet) against Lt. Col. Khazan Singh and others.

[No. 225/24/82-AVD-II]
H. K. VERMA, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 29 सितम्बर, 1982

आयकर

का०आ० 628.—केन्द्रीय सरकार, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 80छ की उपधारा 2(ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "श्री प्रसन्ना वेन्कटेस पेरुमल मंदिर, तालुक उलुन्दुरपेट, जिला दक्षिणी अर्काट (तमिलनाडु)" को तमिलनाडु राज्य में सर्वत्र विख्यात लोक पूजा का स्थान अधिसूचित करती है।

[सं० 4927 फा० सं० 176/62/82-आ०क० (ए-I)]

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

New Delhi, the 29th September, 1982

(INCOME-TAX)

S.O. 628.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2)(b) of Section 80-G of the Iniome-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Sri Prasanna Venkatesa Perumal Temple, Ulundurpet Taluk, South Arcot District (Tamil Nadu)" to be a place of public worship of renown throughout the State of Tamil Nadu.

[No 4927/F. No. 176/62/82-IT (AI)]

नई दिल्ली, 30 सितम्बर, 1982

(आय-कर)

का०आ० 629—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 80छ की उपधारा 2(ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "चन्नाई श्री कालीकाम्बाल कामटेश्वर मंदिर मद्रास" को तामिलनाडु राज्य में सर्वत्र विख्यात लोक पूजा का स्थान अधिसूचित करती है।

[सं० 4931/फा० सं० 176/64/82-आ०क० (ए०I)]

New Delhi, the 30th September, 1982

(INCOME-TAX)

S.O. 629.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2)(b) of Section 80-G of the Income-tax Act, 1961, (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Chennai Sree Kalikambal Kamateswarar Temple, Madras" to be a place of public worship of renown throughout the State of Tamil Nadu.

[No 4931/F. No. 176/64/82-IT (AI)]

नई दिल्ली, 17 नवम्बर, 1982

आय-कर

का०आ० 630—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 80छ की उपधारा 2(ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "श्री साबरीमाला मन्दिर" (केरल) को केरल राज्य में सर्वत्र विख्यात लोक पूजा का स्थान अधिसूचित करती है।

[सं० 4969/फा० सं० 176/69/82-आ०क० (ए I)]

New Delhi, the 17th November, 1982

(INCOME-TAX)

S.O. 630.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2)(b) of Section 80-G of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Shri Sabarimala Temple, (Kerala)" to be a place of public worship of renown throughout the State of Kerala.

[No. 4969/F. No. 176/69/82-IT (AI)]

का०आ० 631.—केन्द्रीय सरकार, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 80छ की उपधारा 2(ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "श्री अयप्पा मन्दिर, मद्रास" को, तमिलनाडु राज्य में सर्वत्र विख्यात लोक पूजा का स्थान अधिसूचित करती है। यह स्पष्ट किया जाता है कि इस अधिसूचना के प्रयोजन के लिए केवल मरम्मत/नवीकरण के लिए प्राप्त दान धारा 80छ (2)(ख) के अधीन राहत के लिए अर्हित होगा।

[सं० 4970/फा० सं० 176/34/82-आ०क० (ए1)]
मिलाप जैन, अवर सचिव

S.O. 631.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2)(b) of Section 80-G of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Sree Ayyappa Temple, Madras" to be a place of public worship of renown throughout the State of Tamil Nadu It is clarified that for the purposes of this Notification donations for repairs/renovations only will qualify for relief under section 80-G (2)(b).

[No. 4970/F. No. 176/34/82-IT (AI)]
MILAP JAIN, Under Secy.

नई दिल्ली, 11 जनवरी, 1983

प्रधान कार्यालय सस्थापन

का० आ० 632.—केन्द्रीय राजस्व बोर्ड अधिनियम, 1963 (1963 का सख्यांक 54) की धारा 3 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पादन शुल्क) के अधिकारी, श्री एस० बी० सरकार को, जो पिछले दिनों नई दिल्ली मे निरीक्षण निदेशक (सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पादन शुल्क) के रूप में तैनात थे, 11 जनवरी, 1983 से अगला आदेश होने तक केन्द्रीय सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पादन शुल्क बोर्ड का सदस्य नियुक्त करती है।

[फा० संख्या ए-19011/1/83-प्रशासन-1]

New Delhi, the 11th January, 1983

HEADQUARTERS ESTABLISHMENT

S.O. 632.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 3 of the Central Boards of Revenue Act, 1963 (No. 54 of 1963), the Central Government hereby appoints Shri S. B. Sarkar, an officer of the Indian Revenue Service (Customs & Central Excise), and lately posted as Director of Inspection (Customs and Central Excise), New Delhi, as Member of the Central Board of Excise & Customs with effect from the forenoon of the 11th January, 1983 and until further orders

[F. No A. 19011/1/83-Ad II]

नई दिल्ली, 12 जनवरी, 1983

का० आ० 633.—केन्द्रीय राजस्व बोर्ड अधिनियम, 1963 (1963 का सख्यांक 54) की धारा 3 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पादन शुल्क) के अधिकारी श्री एस० वी० अय्यर को, जो पिछले दिनों नई दिल्ली में प्रशिक्षण निदेशक (सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पादन शुल्क) के रूप में तैनात थे, 12 जनवरी, 1983 से अगला आदेश होने तक केन्द्रीय उत्पादन शुल्क एवं सीमा शुल्क बोर्ड का सदस्य नियुक्त करती है ।

[फा० संख्या ए-19011/2/83-प्रशासन-1]

जी० एस० मेहरा, अवर सचिव

New Delhi, the 12th January, 1983

S.O. 633.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 3 of the Central Boards of Revenue Act, 1963 (No. 54 of 1963), the Central Government hereby appoints Shri S. V. Iyer, an officer of the Indian Revenue Service (Customs & Central Excise), and lately posted as Director of Training (Customs and Central Excise), New Delhi, as Member of the Central Board of Excise & Customs with effect from the forenoon of the 12th January, 1983 and until further orders.

[F. No. A. 19011/2/83-Ad. I]

G. S. MEHRA, Under Secy

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

नई दिल्ली, 18 नवम्बर, 1982

शुद्धि-पत्र

(आय-कर)

का०आ० 634.—केन्द्रीय प्रत्यक्ष-कर बोर्ड, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 126 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निदेश देता है कि उसकी अधिसूचना सं० 4944 तारीख 12 अक्तूबर, 1982, तारीख 15-10-82 के बजाय, जैसा कि पहले अधिसूचित किया गया था, तारीख 15-11-1982 से प्रभावी होगी।

[सं० 4975/फा० सं० 188/8/82 आ०क० (ए० I)]

CENTRAL BOARD OF DIRECT TAXES

New Delhi, the 18th November, 1982

CORRIGENDUM

(INCOME-TAX)

S.O. 634.—In exercise of the powers conferred by Section 126 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Board of Direct Taxes hereby directs that its Notification No. 4944 dated 12th October, 1982 shall take effect from 15-11-1982 instead on 15-10-1982, as notified earlier.

[No. 4975/F. No. 188/8/82-IT (AI)]

नई दिल्ली, 17 नवम्बर, 1982

का०आ० 635—केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 121 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए समय-समय पर यथा संशोधित अपनी अधिसूचना सं० 679 (फा० सं० 187/2/74-आई०टी० (ए० आई०) ता० 20-7-74 के साथ संलग्न अनुसूची में निम्नलिखित संशोधन करता है ।

अनुसूची की क्रम संख्या 4 के सामने स्तम्भ 4 के नीचे निम्नलिखित प्रविष्टियां जोड़ी जायेंगी ।

क्रम सं०	आय-कर आयुक्त	मुख्यालय	अधिकारिता
1	2	3	4
4	पटना	पटना	23 हाजीपुर

यह अधिसूचना 15-10-1982 से प्रभावी होगी ।

[सं० 4973/फा० सं० 189/12/81-आई०टी० (ए० आई०)]

मिलाप जैन, अवर सचिव

New Delhi, the 17th November, 1982

S.O. 635 :– In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 121 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961) the Central Board of Direct Taxes hereby makes the following amendments to the Schedule appended to its Notification No. 679 (F. No. 187/2/74-IT(AI) dated 20-7-74 as amended from time to time.

The following entries shall be added under Col. 4 against Sl. No. 4 of the Schedule.

Sl. No.	Commissioner of Income-tax	Headquarters	Jurisdiction
1	2	3	4
4	Patna	Patna	23 Hazipur

This notification shall take effect from 15-10-1982.

[No. 4973/F. No 189/12/81-IT(AI)]

MILAP JAIN, Under Secy.

(आर्थिक कार्य विभाग)

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 5 जनवरी, 1983

का० आ० 636.—प्रादेशिक ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) की धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा श्री अरुण कुमार सर्बजन को गौड़ ग्रामीण बैंक, माल्दा का अध्यक्ष नियुक्त करती है तथा 30-12-1982 से प्रारम्भ होकर 31-12-1985 को समाप्त होने वाली अवधि को उस अवधि के रूप में निर्धारित करती है जिसके दौरान श्री अरुण कुमार सर्बजन अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे ।

[सं० एफ० 2-2/82-आर० आर० बी०]

(Department of Economic Affairs)

(Banking Division)

New Delhi, the 5th January, 1983

S.O. 636.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 11 of the Regional Rural Banks Act, 1976 (21 of 1976), the Central Government hereby appoints Shri Arun Kumar Sarbajana as the Chairman of the Gaur Gramin Bank, Malda and specifies the period commencing on the 30-12-1982 and ending with the 31-12-1985 as the period for which the said Shri Arun Kumar Sarbajan shall hold office as such Chairman.

[No. F. 2-2/82-RRB]

नई दिल्ली, 10 जनवरी, 1983

का० आ० 637.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 56 के साथ पठित धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर, इसके द्वारा यह घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 9 के प्रावधान गैर-बैंकिंग आस्तियों अर्थात् मकान सं० 156 नयी संख्या 50) नार्थ स्ट्रीट, सैंड पैठ, तिरुकोईलूर धारण करने वाले तिरुकोईलूर कोआपरेटिव अर्बन बैंक लि०, तिरुकोईलूर पर इस अधिसूचना के भारत के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 15 अक्तूबर 1983 तक की अवधि के लिए लागू नहीं होंगे।

[संख्या 8-41/82-ए० सी०]

राम बेहरा, अवर सचिव

New Delhi, the 10th January, 1983

S.O. 637.—In exercise of the powers conferred by Section 53 read with Section 56 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendations of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of Section 9 of the said Act shall not apply to the Tirukoilur Co-operative Urban Bank Ltd., Tirukoilur so far as they relate to its holding of a non-banking asset viz. House at Door No. 156 (New No. 50) North Street, Sandapet, Tirukoilur, for the period from the date of publication of this notification in the Gazette of India to 15 October, 1983.

[No. 8-41/82-AC]

RAAM BEHRA, Under Secy.

नई दिल्ली, 11 जनवरी, 1983

का.आ. 638.—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध तथा प्रकीर्ण उपबंध) स्कीम, 1970 के खण्ड 3 के उपखंड (छ) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक, केन्द्रीय कार्यालय बंबई के सांख्यिकी विश्लेषक तथा संगणक (कम्प्यूटर) सेवा विभाग में सलाहकार श्री सी. वी. राव को श्री बी. वेंकट राव के स्थान पर बैंक आफ इंडिया के निदेशक के रूप में नियुक्त करती है।

[संख्या एफ. 9/6/82-बी.ओ.-1]

च. वा. मीरचन्दानी, उपसचिव

New Delhi, the 11th January, 1983

S.O. 638.—In pursuance of sub-clause (g) of clause 3 of the Nationalised Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the Central Government hereby appoints Shri C. V. Rao, Adviser, Department of Statistical Analysis and Computer Services, Reserve Bank of India, Central Office, Bombay as a Director of the Bank of India vice Shri B. Venkata Rao.

[No. F. 9/6/82-B.O.I.]

C. W. MIRCHANDANI, Dy. Secy.

(केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क समाहर्ता का कार्यालय)

अधिसूचना संख्या 1/82

बंगलौर, 12 नवम्बर, 1982

सीमा शुल्क

का० आ० 639.—सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 2 की उप-धारा 34 के अंतर्गत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं एतद्द्वारा सीमाशुल्क अधिनियम की (4) डी 129 के साथ पठित 129 ए(2) की धारा के प्रावधानों के अंतर्गत केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमाशुल्क मुख्यालय बंगलौर के सहायक समाहर्ता (विधि) को "उचित अधिकारी" के रूप में प्राधिकृत करता हूं।

[सं० 1/82/सी० न० 8/1/8/82- सी-2/सीमा शुल्क]

सी के. गोपालकृष्णन समाहर्ता,

(Office of the Collector of Central Excise)

Notification No. 1/82

Bangalore, the 12th November, 1982

CUSTOMS

S.O. 639.—In exercise of the powers conferred on me under sub-section 34 of section 2 of Customs Act 1962, I hereby authorise Assistant Collector of Central Excise and Customs (Legal) Headquarters Office, Bangalore, to be the Proper Officer under Provisions of the Section 129 A (2) read with 129 D (4) of Customs Act, 1962.

[No. 1/82/C. No. VIII/1/8/82. C-2/Cus]

C. K. Gopalakrishnan, Collector

and Customs, Bangalore

MINISTRY OF COMMERCE

CORRIGENDUM

New Delhi, the 29th January, 1983

S.O. 640.—In the notification of the Ministry of Commerce No. S.O. 3619 dated 23rd October, 1982 published in the Gazette of India, Part-II, Section 3, sub-section (ii) dated 23rd October, 1982 at pages 3761 to 3763,—

(a) At page 3761, in rule 3,—

(i) in line 2, for 'or' read 'for',

(ii) in line 3, for 'affecting' read 'effecting';

(b) At page 3762,—

(i) in sub-rule (2) of rule 3, omit, 'and Schedule'

(ii) in Schedule II, in clause A, in paragraph (1), in line 2, for 'codour' read 'colour';

(c) At page 3762, in item B of Schedule II, in Table I,—

(i) Against Sl. No. 1 under 'Requirements' for '8 lbs to 20 lbs' read '8 lbs to 30 lbs';

(ii) Against Sl. No. 2 under 'Requirements' for 'Tolerance+20.0%' read 'Tolerance 20.0%'

(iii) In Table-II, against Sl. No. 3, for 'Tensil Strength' read 'Tensile Strength';

(d) At page 3763,—

(i) in rule 4, in line 1, for 'manufacture' read 'manufactured'.

[No. 6(13)/74-EI&EP]

B. KUKRETI, Jt Director

वाणिज्य मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 29 जनवरी, 1983

का०आ० 641.—केन्द्रीय सरकार की, निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना सं० का०आ० 2274, तारीख 9 जुलाई, 1977 और का०आ० 2275, तारीख 9 जुलाई, 1977 को अधिक्रांत करते हुए, यह राय है कि भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिये ऐसा करना आवश्यक तथा समीचीन है कि ट्रान्सफार्मर का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण किया जाये;

और केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रयोजन के लिये नीचे विनिर्दिष्ट प्रस्ताव बनाये हैं और उन्हें निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 11 के उप-नियम (2) की अपेक्षानुसार निर्यात निरीक्षण परिषद् को भेज दिया है।

अत: अब, केन्द्रीय सरकार उक्त उप-नियम के अनुसरण में और भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के आदेश सं० का०आ० 3347, तारीख 29 दिसम्बर, 1980 के साथ प्रकाशित प्रस्तावों को अधिक्रांत करते हुए दूसरे पैरा में उल्लिखित प्रस्तावों को ऐसे व्यक्तियों की जानकारी के लिये प्रकाशित करती है, जिनके उनसे प्रभावित होने की संभावना है।

2. सूचना दी जाती है कि नीचे विनिर्दिष्ट प्रस्तावों के बारे में कोई आक्षेप या सुझाव भेजने का इच्छुक कोई व्यक्ति उन्हें इस आदेश के प्रकाशित होने की तारीख से पैंतालीस दिन के भीतर निर्यात निरीक्षण परिषद् प्रगति टावर (11वीं मंजिल) 26, राजेन्द्रा प्लेस, नई दिल्ली-110008 को भेज सकता है।

प्रस्ताव

(1) अधिसूचित करना कि ट्रांसफार्मर निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के अधीन होंगे।

(2) इस आदेश के उपाबन्ध में दिये गये ट्रांसफार्मर के निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1983 के अनुसार निरीक्षण के प्रकार को, क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के ऐसे प्रकार के रूप में विनिर्दिष्ट करना जो ऐसे ट्रांसफार्मरों को निर्यात से पूर्व लागू होगा;

(3) आयातकर्ता के उन संविदिक विनिर्देशों को मान्यता देना जिनमें निश्चित परिचालन लक्षण या निश्चित यांत्रिक संरचनाएं या दोनों अनुबद्ध हों तथा जहां कहीं आवश्यक हों, ऐसे विशिष्ट आवेदन पत्र आबद्ध हों जिनमें निश्चित सेवा शर्तें हों: परन्तु सांविधिक विनिर्देशों में मिसिंग पैरा-मीटर यदि कोई हों, नीचे विनिर्दिष्ट सभी या किसी विनिर्देश का अनुपालन करेंगे; अर्थात् :—

(क) भारतीय या अन्य कोई राष्ट्रीय मानक विनिर्देश

(ख) अन्तर्राष्ट्रीय विद्युत् तकनीकी आयोग की सिफारिश

(ग) सरकारी विभाग द्वारा अनुमोदित विनिर्देश या आयात देश की लोकोपयोगी सेवाएं

(घ) मानक विनिर्देशों के रूप में विनिर्माता यूनिट के तकनीकी सहयोगियों द्वारा अनुसरित विनिर्देश।

(4) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के दौरान ऐसे ट्रांसफार्मर के निर्यात को तब तक प्रतिषिद्ध करना जब तक उनके साथ निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 7 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित अभिकरणों में से किसी के द्वारा जारी किया गया इस आशय का प्रमाण-पत्र न हो कि ट्रांसफार्मरों के परेषण क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण से संबंधित शर्तों को पूरा करते हैं और निर्यात योग्य हैं।

3. इस आदेश में "ट्रांसफार्मर" से लगातार चलने वाले पुर्जों से रहित एक ऐसा साधित्र अभिप्रेत है जो एक या अधिक कुण्डलन में प्रत्यावर्ती वोल्टता और धारा को विद्युत् चुम्बकीय प्रेरणा द्वारा सामान्यत: वोल्टता और धारा के विभिन्न मानों पर और एक ही आवृत्ति पर एक या अधिक कुण्डलनों में परिवर्तन कर देता है। इसके अन्तर्गत घरेलू प्रयोजनों और रेडियो दूर संचार परिपथ में प्रयोग किये गये ट्रांसफार्मर नहीं हैं।

उपाबन्ध

निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 के अधीन बनाये जाने वाले प्रस्तावित नियमों का प्रारूप।

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :—इन नियमों का संक्षिप्त नाम ट्रांसफार्मरों का निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1983 है।

2. परिभाषाएं :—इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है।

(ख) "अभिकरण" से अधिनियम की धारा 7 के अधीन मुम्बई, कलकत्ता, कोचीन, दिल्ली और मद्रास में स्थापित निर्यात निरीक्षण अभिकरणों में से कोई एक अभिप्रेत है।

(ग) इस आदेश में "ट्रांसफार्मर" से लगातार चलने वाले पुर्जों से रहित एक ऐसा साधित्र अभिप्रेत है जो एक या अधिक कुण्डल में प्रत्यावर्ती वोल्टता और धारा का विद्युत् चुम्बकीय प्रेरणा द्वारा सामान्यत: वोल्टता और धारा के विभिन्न मानों पर और एक ही आवृत्ति पर एक या अधिक कुण्डलनों में परिवर्तित कर देता है, किन्तु इसके अन्तर्गत घरेलू प्रयोजनों और रेडियो दूर संचार परिपथों में प्रयोग किये गये ट्रांसफार्मर नहीं हैं।

3. क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण—(1) विनिर्माता द्वारा ट्रान्सफार्मर की क्वालिटी इन नियमों की अनुसूची 1 में विनिर्दिष्ट के स्तरों सहित उप-नियम (2) में विनिर्दिष्ट विनिर्माण के विभिन्न प्रक्रमों/प्रक्रमों पर नियंत्रणों का प्रयोग करते हुए सुनिश्चित की जायेगी।

(2) उपनियम (1) में उल्लिखित विनिर्माण के विभिन्न प्रक्रमों पर नियंत्रण निम्नानुसार होंगे —

(1) क्रय की गयी सामग्री और घटकों का नियंत्रण :

(क) प्रयोग की जाने वाली सामग्री या घटकों के गुणधर्मों और सहायताओं सहित उनकी ब्यौरेवार विमाओं को समाविष्ट करते हुए विनिर्माता द्वारा विनिर्देश अधिकथित किये जायेंगे।

(ख) प्रदायकर्ता के परीक्षण प्रमाण-पत्र कच्ची सामग्री जैसे कोरप्लेट कुण्डलन तार, ट्रांसफार्मर का तेल और प्रेस बोर्ड के लिये और बुशिंग, क्वायल, टी०ओ० पम्प, पंखे, रेडिएटर, उपकरण या रिले के लिये प्रस्तुत किये जायेंगे:

परन्तु जब कच्ची सामग्री या घटकों के लिये प्रदायकर्ता के परीक्षण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत प्राप्त हो जाते हैं तब प्रदायकर्ता की परीक्षण रिपोर्ट की प्रति की जांच की आवश्यकता नहीं होगी:

परन्तु यह और कि प्रदायकर्ता की परीक्षण रिपोर्ट न होने की दशा में क्रय विनिर्देशों से उनकी अनुरूपता की जांच करने के लिये प्रत्येक परेषण में से नमूनों का नियमित रूप से परीक्षण किया जायेगा।

(ग) खंड (ख) में वर्णित घटकों से भिन्न प्राप्त घटकों का परीक्षण और निरीक्षण सांख्यिकीय नमूना योजना के सामने दिये गये विनिर्देशों से अनुरूपता सुनिश्चित करने के लिये किया जायेगा।

(घ) निरीक्षण या परीक्षण या दोनों किये जाने के पश्चात् दोषों के उचित पृथक्करण और निपटान के लिये व्यवस्थित पद्धतियां अपनाई जायेंगी।

(ङ) विनिर्माता उपरोक्त नियंत्रणों के सम्बन्ध में पर्याप्त अभिलेख व्यवस्थित रूप से रखेगा।

(2) प्रक्रिया नियंत्रण :

(क) विनिर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं के लिये विनिर्माता द्वारा ब्यौरेवार प्रक्रिया विनिर्देश अधिकथित किये जायेंगे।

(ख) प्रक्रिया विनिर्देशों में अधिकथित प्रक्रिया नियंत्रण के लिये उपस्करों या उपकरणों की पर्याप्त सुविधाएं होंगी।

(ग) विनिर्माण की प्रक्रिया के दौरान प्रयुक्त नियंत्रणों का सत्यापन करने के लिये विनिर्माता पर्याप्त अभिलेख रखेगा।

(3) उत्पाद नियंत्रण :

(क) मानक विनिर्देशों के अनुसार उत्पाद का परीक्षण करने के लिये विनिर्माता के पास या तो स्वयं की परीक्षण सुविधाएं होंगी या उसकी पहुंच वहां तक होगी जहां तक ऐसी परीक्षण सुविधाएं विद्यमान हैं और विनिर्माता उसके पर्याप्त अभिलेख रखेगा।

(ख) प्रत्येक समनुदेशन की परेषण के भेजे जाने से पूर्व अधिकथित निरीक्षण जांच सूची से जांच की जायेगी।

(4) मौसम संबंधी नियंत्रण :

परीक्षण में प्रयुक्त विद्युत् मापी उपकरणों और प्रक्रिया नियंत्रण के लिये प्रयुक्त नाजुक उपकरणों की कालिक जांच की जायेगी, या उनका अनुसंशोधन किया जायेगा और विनिर्माता वृत्तकार्ड के रूप में अभिलेख रखेगा।

4. निरीक्षण का आधार—निर्यात के लिये ट्रांसफार्मरों का निरीक्षण यह देखने की दृष्टि से कि ट्रांसफार्मर अधिनियम की धारा 6 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्य विनिर्देशों के अनुरूप हैं

(क) यह सुनिश्चित करते हुए कि उत्पाद नियम 3 में उल्लिखित उत्पादन के दौरान आवश्यक क्वालिटी नियंत्रण का प्रयोग करके या

(ख) इस अधिसूचना की अनुसूची II में विनिर्दिष्ट ढंग से किये गये निरीक्षण और परीक्षण के आधार पर, विनिर्मित किए गये हैं, किया जायेगा।

5. निरीक्षण की प्रक्रिया—(1) संरचित ट्रांसफार्मरों के परेषण का निर्यात करने का इच्छुक निर्यातकर्ता निर्यात संविदा या आदेश की एक प्रति के साथ संविदात्मक विनिर्देशों का ब्योरा देते हुए, अभिकरण को लिखित रूप में सूचना देगा जिससे अभिकरण नियम 4 के अनुसार निरीक्षण कर सके।

(2) नियम 3 में अधिकथित उत्पादन के दौरान पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रण का प्रयोग करते हुए विनिर्मित ट्रांसफार्मरों के निर्यात के लिये और यदि इस प्रयोजन के लिये परिषद् द्वारा गठित विशेषज्ञों के पैनल ने यह निर्णय दिया है कि विनिर्माण एकक में उत्पादन के दौरान क्वालिटी नियंत्रण क्रियों की पर्याप्त व्यवस्था है तो भी निर्यातकर्ता उप-नियम (1) में उल्लिखित सूचना के साथ यह घोषणा भी प्रस्तुत करेगा कि निर्यात के लिये आशयित ट्रांसफार्मरों का परेषण नियम (1) में अधिकथित पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रण का प्रयोग करते हुए विनिर्मित किया गया है तथा परेषण इस प्रयोजन के लिये मान्य मानक विनिर्देशों के अनुरूप है।

(3) निर्यातकर्ता निर्यात किये जाने वाले परेषण पर लगाये गये पहचान चिन्ह अभिकरण को देगा।

(4)(क) उपनियम (1) के अधीन प्रत्येक सूचना विनिर्माता के परिसर में जांच प्रारंभ करने की प्रस्तावित तारीख से 15 दिन पूर्व दी जायेगी।

(ख) उपनियम (2) के अधीन घोषणा सहित सूचना के मामले में वह विनिर्माता के परिसर से परेषण के भेजे जाने से कम से कम 3 दिन पूर्व दी जायेगी।

(5) उपनियम (1) के अधीन सूचना तथा उपनियम (2) के अधीन घोषणा यदि कोई है के प्राप्त होने पर अभिकरण,—

(क)(1) अपना यह समाधान कर लेने पर कि विनिर्माण की प्रक्रिया के दौरान विनिर्माता ने नियम 3 में अधिकथित पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रण का प्रयोग किया था तथा इस प्रयोजन के लिये मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देशों के अनुरूप उत्पादन का विनिर्माण करने के लिये इस संबंध में परिषद् और अभिकरण द्वारा जारी किये गये अनुदेशों का, यदि कोई हो, पालन किया है, तीन दिन के भीतर यह घोषित करते हुए प्रमाण-पत्र जारी करेगा कि ट्रांसफार्मर का परेषण निर्यात-योग्य है।

(2) उस दशा में जहां विनिर्माता निर्यातकर्ता नहीं है वहां परेषण का प्रत्यक्ष सत्यापन किया जायेगा और अभिकरण द्वारा ऐसा सत्यापन और निरीक्षण, यदि आवश्यक हो तो, यह सुनिश्चित करने के लिये किया जायेगा कि क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण से संबंधित उपरोक्त अपेक्षाओं का पालन किया गया है।

परन्तु अभिकरण निर्यात के लिये आशयित कुछ परेषणों की स्थल पर ही जांच करेगा तथा उत्पादन के दौरान विनिर्माण एकक द्वारा अपनाये गये क्वालिटी नियंत्रण क्रियों की पर्याप्तता के अनुरक्षण का सत्यापन करने के लिये नियमित अंतरालों पर एककों में जायेगा और यदि विनिर्माण एकक में विनिर्माण के किसी भी प्रक्रम पर अपेक्षित क्वालिटी नियंत्रण उपायों का प्रयोग नहीं किया गया है या परिषद् या अभिकरण की सिफारिशों को पूरा किया गया है तो यह घोषित किया जायेगा कि एकक के पास उत्पादन के दौरान पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रण क्रियें नहीं हैं।

परन्तु आगे यह कि ऐसे मामलों में एकक यदि ऐसा चाहे तो उत्पादन के दौरान क्वालिटी नियंत्रण क्रियों की पर्याप्तता को बनाये रखने के समायोजन के लिये फिर से आवेदन कर सकता है।

(ख) यदि निर्यातकर्ता ने उप-नियम (2) के अधीन यह घोषित नहीं किया है कि नियम 3 में अधिकथित पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रण का प्रयोग किया गया है तो, अपना यह समाधान कर लेने पर कि ट्रांसफार्मरों का परेषण इस प्रयोजन के लिये मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देशों के अनुरूप है, अनुसूची-II में यथा अधिकथित किये गये निरीक्षण और परीक्षण के आधार पर, ऐसा निरीक्षण करने के सात दिन के भीतर यह घोषणा करते हुए प्रमाण-पत्र जारी करेगा कि ट्रांसफार्मरों का परेषण निर्यात योग्य है।

परन्तु जहां अभिकरण का ऐसा समाधान नहीं होता है वहां वह निर्यातकर्ता को ऐसा प्रमाण-पत्र जारी करने से इंकार कर देगा कि ट्रांसफार्मरों का परेषण निर्यात-योग्य है तथा ऐसे इंकार की सूचना निर्यातकर्ता को उसके कारणों सहित सात दिन के भीतर देगा।

(6)(क) यदि उपनियम (5)(क) के अधीन विनिर्माता निर्यातकर्ता नहीं है या परेषण का निरीक्षण उप-नियम (5)(ख) के अधीन किया गया है, तो अभिकरण निरीक्षण के तुरन्त पश्चात् ट्रांसफार्मरों की प्रत्येक श्रेणी-पट्टिका पर, ट्रांसफार्मरों के परेषण पर अपने अनुमोदन की छाप लगा देगा या परेषण के पैकेज को इस प्रकार सीलबंद करेगा कि जिससे यह सुनिश्चित हो जाये कि सीलबंद पैकेजों के साथ छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है।

(ख) परेषण की अस्वीकृति की दशा में, यदि निर्यातकर्ता ऐसा चाहे तो परेषण अभिकरण द्वारा सीलबंद नहीं किया जा सकेगा परन्तु ऐसे मामलों में निर्यातकर्ता अस्वीकृति के विरुद्ध कोई भी अपील करने का हकदार नहीं होगा।

6. निरीक्षण का स्थान—इन नियमों के अधीन प्रत्येक निरीक्षण—

(क) ऐसे उत्पादों के विनिर्माता के परिसरों पर, या

(ख) ऐसे परिसरों पर जहां निर्यात कर्ता ने माल प्रस्तुत किया है बशर्ते कि वहां निरीक्षण के लिये पर्याप्त सुविधाएं विद्यमान हों,

किया जायेगा।

7. निरीक्षण फीस—निरीक्षण फीस का संदाय यथास्थिति विनिर्माता और निर्यातकर्ता द्वारा अभिकरण को निम्नानुसार किया जायेगा :

(1) नियम के खंड (क) के अधीन निरीक्षण के लिये पोतपर्यन्त नि:शुल्क मूल्य के 0.27 की दर से प्रति परेषण न्यूनतम 20/- रुपये के अधीन रहते हुए।

(2) नियम 4 के खंड (ख) के अधीन निरीक्षण के लिये पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 0.4% की दर से प्रति परेषण न्यूनतम 20/- रुपये के अधीन रहते हुए।

(2) संबंधित राज्य सरकार और संघ राज्य क्षेत्र में रजिस्ट्रीकृत लघु उद्योग एकको को खंड (1) और (2) में विनिर्दिष्ट निरीक्षण फीस की दर में 10% की छूट दी जायेगी।

अपील--(1) नियम 5 के उपनियम (5) के अधीन प्रमाण पत्र देने से इंकार किये जाने से व्यथित कोई व्यक्ति ऐसे इंकार की सूचना प्राप्त होने के दस दिन के भीतर इस प्रयोजन के लिये केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त ऐसे विशषज्ञ पैनल को अपील कर सकेगा जिसमें कम से कम तीन तथा अधिक से अधिक सात व्यक्ति होंगे।

(2) पैनल की कुल सदस्यता के कम से कम दो-तिहाई सदस्य अशासकीय होंगे।

(3) पैनल की गणपूर्ति तीन सदस्यों से होगी।

(4) अपील प्राप्त होने के पन्द्रह दिन के भीतर निपटाई जायेगी।

अनुसूची-1

नियंत्रण के स्तर

(नियम 3 देखिए)

क्रम सं०	निरीक्षण/परीक्षण की विशिष्टियां	अपेक्षाएं	नमूना आकार	लॉट आकार
1	2	3	4	5
I.	क्रय की गयी सामग्री और संघटक			
	(क) चाक्षुष निरीक्षण (कारीगरी और फिनिश सहित)	इस प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देशों के अनुसार	प्रत्येक	प्राप्त हुआ प्रत्येक परेषण
	(ख) सहायता सहित विमाएं			
	(i) क्रांतिक	इस प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देशों के अनुसार	प्रत्येक	प्राप्त हुआ प्रत्येक परेषण
	(ii) अन्य	इस प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देश के अनुसार	अभिलिखित अन्वेषण के आधार पर नियत किया जाना	प्राप्त हुआ प्रत्येक परेषण
	(ग) कोई अन्य अपेक्षाएं	इस प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देश के अनुसार	अभिलिखित अन्वेषण के आधार पर नियत किया जाना है।	प्राप्त हुआ प्रत्येक परेषण
II.	पूर्ण समुच्चय			
	(क) कुण्डलन प्रतिरोधक के माप	इस प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देशों के अनुसार	प्रत्येक	--
	(ख) अनुपात ध्रुवीय तथा फेज संबंध	इस प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देशों के अनुसार	प्रत्येक	--
	(ग) प्रति बाधा वोल्टता	इस प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देश के अनुसार	प्रत्येक	--
	(घ) लोह हानि	इस प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देश के अनुसार	प्रत्येक	--
	(ङ) शून्य लोड हानि और शून्य लोड धारा	इस प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देश के अनुसार	प्रत्येक	--
	(च) विद्युत रोधन प्रतिरोध	इस प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देश के अनुसार	प्रत्येक	--
	(छ) प्रति वोल्टता प्रेरित करने पर परीक्षण सहायता	इस प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देश के अनुसार	प्रत्येक	--
	(ज) पृथक स्रोत वाली वोल्टता की परीक्षण सहायता	इस प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देश के अनुसार	प्रत्येक	--
	(झ) तापमान वृद्धि की जांच (ञ) आवेग वोल्टता की परीक्षण सहायता (ट) अन्य कोई परीक्षण	यदि उपभोक्ता द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया हो	--	--

अनुसूची-II

[नियम 5 (ख) देखिए]

1 ट्रांसफार्मरों के परेषण अधिनियम की धारा 6 के अधीन मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देशों से उसकी अनुरूपता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण तथा परीक्षण के अधीन होंगे।

2. नमूना लेने के तथा अनुरूपता के मानदंडों के संबंध में संविदात्मक विनिर्देशों में विशिष्ट अनुबंध की अनुपस्थिति में वह लागू होगा जो नीचे अधिकथित है।

2.1 ऐसे निरीक्षण की दिशा में नमूना लेने का तथा अनुरूपता का मानदंड वह होगा जो नीचे सारणी-I तथा सारणी-II में विनिर्दिष्ट है :

सारणी I

क्रम सं०	लक्षण	लॉट आकार	परीक्षण किए जाने वाले नमूनों की संख्या
1	चाक्षुष परीक्षण (बाह्य)	उसी प्रकार और रेटिंग के ट्रांसफार्मर	100%
2	कुण्डलन प्रतिरोधक के माप	उपरोक्त	सारणी II के अनुसार
3	अनुपात, ध्रुवीयता और फेजसंबंध	उपरोक्त	उपरोक्त
4	प्रतिबाधा वोल्टता	उपरोक्त	उपरोक्त
5.	लोड हानि	उपरोक्त	उपरोक्त
6.	शून्य लोड हानि और शून्य लोड धारा	उपरोक्त	उपरोक्त
7	विद्युत रोधन प्रतिरोध	उपरोक्त	उपरोक्त
8	प्रति वोल्टता प्रेरित करने पर परीक्षण सहायता	उपरोक्त	उपरोक्त
9	पृथकस्रोत वाली वोल्टता की परीक्षण सहायता	उपरोक्त	उपरोक्त
10.	तापमान वृद्धि परीक्षण	उपभोक्ता द्वारा जैसा विनिर्दिष्ट किया जाए।	—
11.	आवेग वोल्टता परीक्षण सहायता		
12.	कोई अन्य परीक्षण		

सारणी-II

क्रम सं०	उसी प्रकार और रेटिंग के ट्रांसफार्मरों की संख्या	परीक्षण किए जाने वाले नमूनों की संख्या	अनुज्ञेय दोष की सं०
1.	8 तक	2	शून्य
2.	9 से 15	3	शून्य
3.	16 से ऊपर	5	शून्य

[सं० 6(6)/80-ई०आई०एंड ई० पी०]

सी०बी० कुकरेती, संयुक्त निदेशक

MINISTRY OF COMMERCE

(Department of Commerce)

ORDER

New Delhi, the 29th January, 1983

S.O. 641.—Whereas the Central Government is of opinion, that in exercise of the powers conferred by Section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), and in supersession of the notification of the Government of India in the Ministry of Commerce Nos. S.O. 2274, dated the 9th July, 1977 and S.O. 2275, dated the 9th July, 1977, it is necessary and expedient so to do for the development of the Export Trade of India that Transformers should be subject to inspection prior to export ;

And whereas the Central Government has formulated the proposals specified below for the said purpose and has forwarded the same to the Export Inspection Council as required by Sub-rule (2) of rule 11 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964 ;

Now, therefore, in pursuance of the said sub-rule and in supersession of the proposals published with the Order of the Government of India in the Ministry of Commerce No. S.O. 3347, dated the 29th November 1980, the Central Government hereby publishes the proposals mentioned in the second paragraph for the information of the public likely to be affected thereby.

2. Notice is hereby given that any person desiring to forward any objections or suggestions with respect to the proposals specified below may forward the same within fortyfive days of the date of publication of this Order to the Export Inspection Council, Pragati Tower (11th floor), 26, Rajendra Place, New Delhi-110008.

PROPOSALS

(1) To notify that Transformers shall be subject to quality control and inspection prior to export ;

(2) To specify the type of inspection in accordance with the draft Export of Transformers (Quality Control and Inspection) Rules, 1983 set out in the Annexure—to this Order as the type of quality control and inspection which would be applied to such Transformers prior to export ;

(3) To recognise contractual specifications from the importer of Transformers, stipulating definite operating characteristics, or definite mechanical constructions, or both and wherever necessary stipulating particular applications having definite service conditions :

Provided that missing para-metres, if any, in the contractual specifications, shall comply with all or any of the following specifications, namely :—

(a) Indian or any other national standard specifications,

(b) International Electrotechnical Commission recommendations,

(c) Specifications approved by the Government department or public utility services of the importing country,

(d) Specifications followed by technical collaborators of the manufacturing unit, as the standard specifications.

(4) To prohibit the export in the course of international trade of any such Transformers unless the same are accom-

panied by a certificate issued by any one of the agencies established by the Central Government under Section 7 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), to the effect that the consignments of Transformers satisfy the conditions relating to quality control and inspection and are exportworthy.

(5) In this Order, "Transformers" shall mean a piece of apparatus without continuously moving parts which by electromagnetic induction transforms alternating voltage and current in one winding into alternating voltage and current in one or more windings usually at different values of voltage and current and at the same frequency, but does not include Transformers used for domestic purposes and in radio-telecommunication circuits.

ANNEXURE

Draft rules proposed to be made under Section 17 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963).

1. Short title and commencement.—These rules may be called the Export of Transformers (Quality Control and Inspection) Rules, 1983.

2. Definitions.—In these rules, unless the context otherwise requires,—

(a) "Act" means the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963) ;

(b) "Agency" means any one of the Export Inspection Agencies established at Bombay, Calcutta, Cochin, Delhi and Madras under section 7 of the Act ;

(c) "Transformer" shall mean a piece apparatus without continuously moving parts which by electromagnetic induction transforms alternating voltage and current in one winding into alternating voltage and current in one or more winding usually at different values of voltage and current and at the same frequency, but does not include Transformer used for domestic purposes and in radio-telecommunication circuits.

3. Quality Control and Inspection.—(1) The quality of Transformer shall be ensured by the manufacturer by exercising the controls at different stages of manufacture specified in Sub-rule (2) together with the levels of controls specified in Schedule I to these rules. (2) The controls at different stages of manufacture mentioned in Sub-rule (1) are as follows :—

(i) Brought out materials and components control :

(a) Purchase specifications shall be laid down by the manufacturer incorporating the properties of materials or components to be used and the detailed dimensions thereof with tolerances.

(b) Supplier's test certificates shall be produced for raw materials like core sheets, winding wires, transformers oil, and press board and for components like bushings, oil T.O. pumps, fans, radiators, instruments or relays ;

Provided that when supplier's test certificates are obtained for raw materials or components, no counter checking of the supplier's test reports shall be required :

Provided further that in the absence of supplier's test reports samples from each consignment shall be regularly tested to check up its conformity to the purchase specifications.

(c) The incoming components, other than those mentioned in sub-clause (b), shall be inspected and tested for ensuring conformity to purchase specifications against statistical sampling plan.

(d) After the inspection, or tests, or both, are carried out, systematic methods shall be adopted for proper segregation and disposal of defectives.

(e) Adequate records in respect of the above mentioned controls shall be systematically maintained by the manufacturer.

(ii) Process Control

(a) Detailed process specifications shall be laid down by the manufacturer for various processes of manufacture.

(b) Equipment or instrumentation facilities shall be adequate to control the process as laid down in the process specifications.

(c) Adequate records shall be maintained by the manufacturer to enable the verification of the controls, exercised during the process of manufacture.

(iii) Product Control :

(a) The manufacturer shall either have his own testing facilities or shall have access to such testing facilities existing elsewhere to test the product as per the standard specifications and adequate records thereof shall be maintained by the manufacturer.

(b) Each and every assembly shall be checked against a laid down inspection check list prior to despatch.

(iv) Matrological Controls :

Electrical measuring instruments used in testing, and critical instruments used for process controls shall be periodically checked or calibrated and records shall be maintained by the manufacturer in the form of history cards.

4. Basis of inspection.—Inspection of Transformers for export shall be carried out with a view to seeing that the Transformers conform to he specifi-aion recognised by the Central Government under section 6 of the Act,—

(a) by ensuring that the products have been manufactured by exercising necessary in process quality control as laid down in rule 3, or

(b) on the basis of inspection and testing carried out in the manner specified in Schedule II to this notification.

5. Procedure of Inspection.—(1) An exporter intending to export a consignment of Transformer shall give an intimation in writing to the agency furnishing therein details of the contractural specification alongwith a copy of the export contract or order to enable the agency to carry out inspection in accordance with rule 4.

(2) For export of Transformers manufactured by exercising adequate in process quality control as laid down in rule 3 and the manufacturing unit adjudged as having adequate inprocess quality control drills by a panel of Experts constituted by the Council for this purpose, the exporter shall also furnish alongwith the intimation, mentioned in sub-rule (1) a declaration that the consignment of Transformers intended for export has been manufactured by exercising adequate quality control as laid down in rule 3 and that the consignment conforms to the standard specifications recognised for the purpose.

(3) The exporter shall furnish to the agency the identification marks applied to the consignment to be exported.

(4) (a) Every intimation under sub-rule (1) shall be given not less then fifteen days prior to the commencement of Tests in the manufacturer's premises.

(b) In the case of intimation alongwith declaration under sub-rule (2) shall be given not less than three days prior to the despatch of the consignment from the manufacturer's premises.

(5) On receipt of the intimation under sub-rule (1) and the declaration, if any, under sub-rule (2), the agency.

(a) (i) on satisfying itself that during the process of manufacture, the manufacturer had exercised adequate quality controls as laid down in rule 3 and followed the instructions if any issued by the Council or Agency in this regard to manufacture the product

to conform to the standard specifications recognised for the purpose shall within three days issue a certificate declaring the consignment of Transformers as exportworthy.

(ii) In case where the manufacturer is not the exporter, the consignment shall be physically verified and such verification and or inspection if necessary shall be carried out by the agency to ensure that the said requirements relating to quality control and inspection are complied with :

Provided that the agency shall carry out the spot-check of some of the consignments meant for export and also visit the manufacturing unit at regular intervals to verify the maintenance of the adequacy of in-process quality control drills adopted by the unit and if the manufacturing unit is found not adopting the required quality control measures at any stage of manufacture or does not comply with the recommendations of the Council or Agency, the unit shall be declared as not having adequate in-process quality control drills :

Provided further that in such cases, the unit, if so desires, may apply a fresh for adjudgement of the maintenance of adequacy of in-process quality control drills ;

(b) in case where the exporter has not declared under sub-rule (2) that adequate quality control as laid down in rule 3 had been exercised, on satisfying itself that the consignment of Transformers conforms to the standard specification recognised for the purpose, on the basis of inspection and testing carried out as laid down in Schedule II shall within seven days of carrying out such inspection issue a certificate declaring the consignment of Transformers as exportworthy :

Provided that where the agency is not so satisfied it shall refuse to issue a certificate to the exporter declaring the consignment of Transformers as exportworthy and shall communicate such refusal within seven days to the exporter alongwith the reason therefor.

(6) (a) In case where the manufacturer is not the exporter under sub-rule (5)(a) or consignment is inspected under sub-rule (5)(b), the agency shall, immediately after completion of the inspection, punch their approval of the consignment of Transformers on each rating plate of the Transformers or seal the package in the consignment in a manner so as to ensure that the sealed packages cannot be tempered with.

(b) In case of rejection of the consignment, if the exporter so desires, the consignment may not be sealed by the agency but in such cases, the exporter shall not be entitled to prefer any appeal against rejection.

6. Place of Inspection.—Every inspection under these rules shall be carried out—

(a) at the premises of the manufacturer of such products, or

(b) at the premises at which the goods are offered by the exporter provided required facilities for inspection exists therein.

7. Inspection Fee.—(1) The inspection fee shall be paid by the manufacturers or exporters, as the case may be, to the agency, as under :

(i) For inspection under clause (a) of rule 4 at the rate of 0.2% of f.o.b. value, subject to a minimum of Rs. 20 per consignment.

(ii) for inspection under clause (b) of rule 4 at the rate of 0.4% of f.o.b. value, subject to a minimum of Rs. 20 per consignment.

2. A rebate of 10% on the rate of inspection fee specified in clause (i) and (ii) shall be allowed to small scale units registered with the concerned State Government or the Union Territory.

8. Appeal.—(1) Any person aggrieved by the refusal of the agency to issue a certificate under sub-rule (5) of rule 5 may, within 10 days of the receipt of the communication of such refusal by him, prefer an appeal to a panel of experts consisting of not less than three but not more than seven persons appointed for the purpose by the Central Government.

